— प्रेस नोट —

जनपद – मीरजापुर दिनांक- 07.02.2021

थाना लालगंज पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार—

आज दिनांक 07.02.2021 को प्र0नि0 लालगंज सुभाषचन्द्र राय मय हमराह व0उ0नि0 रामेश्वरनाथ यादव के साथ क्षेत्र में देखभाल व गश्त/चेकिंग में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना प्राप्त हुई कि जिगना की तरफ से दो मोटरसाइकिल पर सवार चार नवयुवक, जो मोटरसाइकिलो को चुराकर बेचते है, आ रहे है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लालगंज पुलिस द्वारा कुशियरा फाल तिराहा के पास पहुंचे ही थे कि दो मोटरसाइकिल पर सवार चार नवयुवक आते दिखाई दिये , को पुलिस द्वारा घेरकर मोटरसाइकिल सवार चारो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। मोटरसाइकिलो के कागजात मांगने पर उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिलों को उन्होने मिलकर जनपद मीरजापुर में अलग-अगल स्थानो से चोरी किया है। कड़ाई से पूछताछ करने पर उपरोक्त व्यक्तियो द्वारा बताया गया कि हम सब मिलकर जनपद के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चुराते है तथा उनके पार्टो अदला बदली कर विक्रय करने का काम करते है। इस प्रकार पकड़े गए अभि0 द्वारा आपस में मिलकर योजना बनाकर मोटरसाइकिलो को चुराने व बेचने का कार्य किया जाता है।

गिरफ्तार चारो व्यक्तियो की निशानदेही पर ग्राम दुबहा बिहसड़ा स्थित छोटू उर्फ पुनीत के घर से चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल सहित कई मोटरसाइकिलों के पार्ट्स को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-30/2021 धारा 379,411,413,414,419,420 भा0द0वि0 पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

विवरण बरामदगी—

1- थाना लालगंज पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित मोटरसाइकिल।

2- थाना लालगंज पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित मोटरसाइकिल सुपर स्पेलेण्डर।

3- थाना लालगंज पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित मोटरसाइकिल का पार्ट।

4- थाना जिगना पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित मोटरसाइकिल।

5- थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित मोटरसाइकिल का पार्ट।

6- अन्य बरामदगी मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल के इंजन तथा रिम।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण—

1- कन्हैयालाल बिन्द पुत्र गौरीशंकर निवासी दुबहा थाना जिगना मीरजापुर।

2- बादल उर्फ रत्नेश पुत्र डाक्टर उर्फ दादा निवासी भटेवरा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर।

3- रोहन उपाध्याय पुत्र मनोज निवासी भटेवरा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर।

4- अविनाश कुमार पुत्र रमाशंकर उर्फ गन्नू निवासी दुमदुमा थाना चुनार मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण—

1-प्र0नि0 सुभाषचन्द्र राय थाना लालगंज मीरजापुर।

2-व0उ0नि0 रामेश्वरनाथ यादव थाना लालगंज मीरजापुर।

3-हे0का0 पंकज यादव थाना लालगंज मीरजापुर।

4-हे0का0 संजय सिंह थाना लालगंज मीरजापुर।

5- हे0का0 अशोक भारती थाना लालगंज मीरजापुर।

6-हे0का0 दिनेश पासवान थाना लालगंज मीरजापुर।

7-का0 युवराज थाना लालगंज मीरजापुर।

8-का0 आदेश कुमार थाना लालगंज मीरजापुर।